# तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग

## के अंतर्गत इंजीनियरिंग/पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों/ व्याख्याताओं (तकनीकी संकाय) के रिक्त पदों की पूर्ति GATE-2026

## (GRADUATE APTITUDE TEST IN ENGINEERING (GATE) 2026) के माध्यम से करने हेतु सूचना

**तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग** के अंतर्गत प्रदेश में 05 स्वशासी इंजीनियरिंग महाविद्यालय/67 स्वशासी/शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय संचालित हैं। इन महाविद्यालयों में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के मापदण्डों का पालन करते हुये तकनीकी शिक्षा पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश के इंजीनियरिंग/पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों/व्याख्याताओं के रिक्त पदों की पूर्ति की जानी है, जिससे इंजीनियरिंग/पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों को उच्च गुणवत्तायुक्त तकनीकी शिक्षा प्रदान की जा सके। तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत इंजीनियरिंग/पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों में विभिन्न संकायों (तकनीकी संकाय) में सहायक प्राध्यापकों/व्याख्याताओं के रिक्त पदों की पूर्ति GATE- 2026 के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है।

**2. रिक्त पदों पर चयन हेतु आवेदकों के लिये सामान्य अर्हताएं निम्नानुसार हैं-**

**आयु सीमा-** अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित आयु एवं उसमें छूट मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार प्रदान की जावेगी।

**शैक्षणिक योग्यता -** अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यताएं अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा सहायक प्राध्यापक/व्याख्याता के पद हेतु निर्धारित मापदण्डों के अनुसार होगी।

**वेतनमान -** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा सहायक प्राध्यापक/व्याख्याता के पद हेतु निर्धारित वेतनमान।

**आरक्षण -** मध्यप्रदेश के मूलनिवासियों को रिक्त पदों पर आरक्षण का लाभ मध्यप्रदेश शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार देय होगा।

**चयन प्रक्रिया -** रिक्त पदों हेतु अभ्यर्थियों का चयन GATE-2026 के माध्यम से किया जावेगा।

3. **महत्वपूर्ण तिथियां** - GATE-2026 हेतु आवेदन करने की **अंतिम तिथि 28 सितम्बर, 2025** है।

4. **आवेदन करने की प्रक्रिया** - अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम GATE-2026 में भाग लेने हेतु आवेदन करना होगा। GATE-2026 में आवेदन उपरांत अभ्यर्थियों को एक रजिस्ट्रेशन नम्बर प्राप्त होगा, जिसका उपयोग तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा रिक्त पदों की पूर्ति हेतु भविष्य में जारी किये जाने वाले विज्ञापन में करते हुये आवेदन करते समय करना होगा। रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पृथक से आवेदन-पत्र प्राप्त करने हेतु यथासमय विभाग द्वारा विज्ञप्ति जारी की जावेगी।

**अत: इच्छुक अभ्यर्थियों को परामर्श है कि विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों पर भविष्य में जारी किये जाने वाले विज्ञापन के लिये आवेदन करने हेतु GATE-2026 परीक्षा में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होंवे।**

**टीप- GATE-2026 के बारे में विस्तृत जानकारी एवं आवेदन करने हेतु कृपया वेबसाइट https://gate2026.iitg.ac.in पर विजिट करें।**

अतिरिक्त संचालक

तकनीकी शिक्षा संचालनालय, म.प्र.

म.प्र. माध्यम/122187/20205